दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 21 जनवरी 2020
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवती से दुष्कर्म एफआईआर दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर में दिनांक 19.01.2020 को 30 वर्षीय महिला द्वारा आरोपी सुरेश उर्फ साहिल तिर्की उम्र करीब 35 वर्ष निवासी शिवम विहार राजीवनगर के विरूद्ध शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीडिता ने बताया कि दिनांक 25.01.2019 के रात्रि करीब 08.00 बजे सुरेश घर आकर इसके पति को पूछा, युवती पति के घर पर नहीं होना बतायी तो , सुरेश घर अंदर घुस आया और बल पूर्वक बलात्संग किया और उसके बाद मोबाईल पर फोटो विडियो बनाकर रखा हूं कहकर ब्लैकमेलिंग कर दिनांक 25.12.2019 तक कई बार संबंध बनाया आखिर उसके ब्लैकमेलिंग से तंग आकर अपने परिवारवालों को बतायी और आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है , आरोपी के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 24/2020 धारा 376 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नरवा विकास योजना- कैम्पा द्वारा 21 जनवरी को रायपुर तथा जगदलपुर वनवृत्त के अधिकारियों का प्रशिक्षण

**रायपुर।** राज्य शासन की महत्वकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैम्पा) द्वारा 24 जनवरी तक वनमंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस तारतम्य में 21 जनवरी को रायपुर वनवृत्त के अंतर्गत वन मंडल महासमुंद और जगदलपुर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल बस्तर तथा कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें संबंधित वनमण्डल के निकटस्थ नरवा कार्य क्षेत्र का भ्रमण कर नरवा में निर्मित होने वाले संरचना के चयन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2020

**» जनपद पंचायतवार नियुक्त सेक्टर अधिकारियों में आंशिक संशोधन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020 के सुचारू संचालन हेतु जनपद पंचायतवार सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गए है। रिटर्निंग आफिसर के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जनपद पंचायत के सेक्टर हेतु मतदान केन्द्रों के लिए सेक्टर जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 2-बोंदा के लिए व्याख्याता मोतीराम डनसेना, 3-कांदुरपाली के लिए लोनिवि के उपअभियंता अशोक कुमार दास को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा बरमकेला महाविद्यालय के सहा.प्राध्या. चंद्रशेखर पटेल एवं अक्षय कुमार गुप्ता को रिजर्व रखा गया है। जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 2-कुम्हारी के लिए प्राचार्य वाई.आर.लहरे, 5-ग्वालिनडीह बीआरसी सारंगढ़ के मालिकराम आजाद एवं दानसरा के प्राचार्य ईश्वर प्रसाद वर्मा एवं केडार के प्राचार्य देवलाल जायसवाल को रिजर्व रखा गया है।

### पुलिस कल्याणकारी गतिविधियों के लिए 20.88 करोड़ रूपए वितरित

**रायपुर।** प्रदेश में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में छत्तीसगढ़ की पुलिस अहम भूमिका निभा रही है। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित मैदानी क्षेत्रों में कार्यरत पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों के कल्याण के लिए राज्य शासन द्वारा अनेक निर्णय लिए गये हैं। इनमें पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश, रिस्पांस भत्ता, पुलिस पब्लिक स्कूल सहित अनेक निर्णय शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अब तक पुलिस कल्याणकारी गतिविधियों के तहत विभिन्न मदों में 20 करोड़ 88 लाख 11 हजार रूपए वितरित किए जा चुके हैं। इनमें सेवा सम्मान निधि के तहत 7 करोड़ 22 हजार 16 हजार रूपए, कल्याण निधि के तहत 5 करोड़ 30 लाख 78 हजार रूपए, परोपकार निधि के तहत 2 करोड़ 88 लाख 40 हजार रूपए, शिक्षा निधि (छात्रवृत्ति) के तहत 2 करोड़ 77 लाख 71 हजार रूपए, संकट निधि के तहत एक करोड़ 34 लाख 42 हजार रूपए और मेडिकल रिलिफ फण्ड के तहत 50 हजार रूपए शामिल है।



## तातापानी के गर्म जल स्त्रोत बने आकर्षण का केन्द्र: गर्म जल में हैं औषधीय गुण

**» लोगों की मान्यता है कि यहां स्नान करने से दूर होते हैं चर्म रोग**

**रायपुर।** मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखंड की सीमा से सटा बलरामपुर जिला अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर है। जिला मुख्यालय से रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर 15 किलोमीटर की दूरी में राष्ट्रीय राजमार्ग 343 से लगा ग्राम तातापानी स्थित है। तातापानी नाम के अनुरूप प्राकृतिक गर्म स्त्रोत का अनोखा केंद्र है। यह छत्तीसगढ़ का एक मात्र गर्म जल स्त्रोत है।

गर्म जल स्त्रोत के पास 80 फुट ऊंची शिव की विशाल प्रतिमा एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। इसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से यहां आते हैं। यह स्थान अब पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस स्थान में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए कई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। लोगों की आस्था और धार्मिक मान्यताओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा यहां गर्म जल स्त्रोतों के स्थान पर कुंड भी बनाया गया है। यहां मकर सक्रांति के दिन लगने वाले दो दिवसीय मेले को तातापानी महोत्सव का स्वरूप दिया गया है। महोत्सव में लोक गीत संगीत के आयोजन के साथ ही यहां राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रदर्शनी का भी आयोजन होता है। महोत्सव में लोगों के मनोरंजन के लिए झूले तथा यहां आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री की बिक्री के लिए स्टाल लगाए जाते हैं।

सरगुजिया बोली में ताता का अर्थ गर्म और पानी का अर्थ जल से है। इस प्रकार तातापानी का अर्थ गर्म जल के स्त्रोत से है। भू-गर्भ से निकलने वाले इस गर्म जल का तापमान 110 डिग्री सेल्सियस है। यहां गर्म जल के 8 से 10 स्त्रोत हैं। इस पानी में हाइड्रोजन सल्फाईड होने के कारण इस जल से स्नान करने पर कई प्रकार के चर्म रोग भी दूर हो जाते हैं। यहां आस-पास के जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और झारखंड राज्य, से चर्म रोग से पीड़ित व्यक्ति आते हैं।

ऐसा गर्म पानी का जल स्त्रोत प्रदेश में कहीं और नहीं है। तातापानी में लगातार बारह महीनों निकलते गर्मजल स्त्रोतों से आम जनता की धार्मिक भावनाएं भी जुड़ी हुई है। पहले यहां पर पारंपरिक रूप से ग्रामीण मेला का आयोजन होता आया है।

इसे अब स्थानीय प्रशासन द्वारा पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटकों की सुविधा के लिए तातापानी में तालाब सौंदर्यीकरण, उद्यान निर्माण के साथ चारों ओर हरियाली के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। वर्षो पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है। अन्य निर्माण कार्यों में भी नई सुविधाएं जुटाई जा रही हैं।



### युवती से छेडछाड़ जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना बरमकेला में दिनांक 20.01.2020 को नाबालिक बालिका द्वारा ग्राम जामछापर के राजू चौहान के द्वारा गांव से कहीं आते-जाते समय गंदे इशाराबाजी करने के संबंध में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। बालिका ने बताया कि राजू चौहान जब कभी आते-जाते देखता है तो अश्लील कमेंट कर गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने कि धमकी देता है और कल दिनांक 19.01.2020 को शाम करीब साढे 4 बजे लेन्ध्रा से समान लेकर घर आते समय दुध डेहरी पुलिया के सामने राजू चौहान फिर देखकर गंदी गंदी गाली गलौच करते हुए गंदा इशाराबाजी कर रहा था। आरोपी के विरूद्ध थाना बरमकेला में अप.क्र. 15/2020 धारा 294, 506, 509 भादंवि एवं 8 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## गाड़ियों की नम्बर बदलकर कोयले का परिवहन करने वाले वाहन स्वामी, ट्रांसपोर्टर और ड्रायवर पर हुई कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस द्वारा दिनांक 04.01.2020 के रात्रि 23.30 बजे पेट्रालिंग दौरान नलवा स्टील प्लांट के गेट के सामने तराईमाल पर दो ट्रेलर वाहन को लवारिश हालत में खड़ी पाकर धारा 102 जा0फौ0 के तहत कार्यवाही किया गया था।

जप्त एक ट्रेलर वाहन में सीजीवीजेड एसी 5001 लिखा हुआ था , पूंजीपथरा पुलिस द्वारा उक्त वाहनों के संबंध में जिला परिवहन कार्यालय रायगढ से जानकारी प्राप्त किया गया जो सीजीवीजेड यूएसी 5001 नम्बर की वाहन सूरजपुर निवासी महिला के नाम से दर्ज होना पाया गया जबकि रजिस्ट्रेशन ट्रेलर नम्बर के वाहन का चेचिस नम्बर व इंजन नम्बर भिन्न था। जप्त ट्रेलर के चेचिस व इंजन नम्बर से गाडी वाहन स्वामी दीपक कुमार पिता राजेश प्रसाद निवासी गोरखा रायगढ के नाम से पंजीकृत होना पाया गया।

जो वाहन स्वामी दीपक कुमार द्वारा पंजीकृत ट्रेलर क्रमांक सीजीवीएक्स एलए 4259 का पंजीयन है जिसे वाहन स्वामी द्वारा विलुप्त कर ट्रांसपोर्टर त्रिलोचन पटनायक संचालक मेघा ट्रांसपोर्ट शारदा मंदिर चौक लिबरा एवं वाहन चालक सुमन गुप्ता के साथ बेईमानी से संपत्ती प्राप्त करने के नियत से कोयला परिवहन किया जा रहा था। आरोपियों के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में अपराध क्रमांक 12/2020 धारा 420, 467, 468, 120-ब्ब 34 भा0द0वि0 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं पंचायत चुनाव के कारण स्थायी अनुज्ञप्ति वाहन चालन का परीक्षण स्थगित

**» 5 फरवरी को होगा स्थायी अनुज्ञप्ति का परीक्षण**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 22 जनवरी से 4 जनवरी तक मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी एवं पंचायत चुनाव हेतु वाहन व्यवस्था होने के कारण जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ में स्थायी अनुज्ञप्ति वाहन चालन का परीक्षण स्थगित रहेगा। आगामी 5 फरवरी बुधवार को स्थायी अनुज्ञप्ति का परीक्षण किया जाएगा।

## कोयले के अवैध उत्खन्न एवं चोरी के मामले में गुड्डु उर्फ अशरफ खान गिरफ्तार



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रात्रि पूंजीपथरा पुलिस द्वारा दिनांक 19.01.2020 को फुटहामुडा पुलिया के पास गेरवानी में ट्रक क्रमांक ओडी वीएलके 0391 को संदिग्ध अवस्था में खड़ी हुई देखकर ट्रक ड्रायवर और उसके साथी से पूछताछ कर आरोपी ड्राइवर निवास राणा और मोहम्मद वसीम के विरूद्ध धारा 41(1-4)/379,34 एवं 3- 21 खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई थी। आरोपियों ने पूछताछ में ट्रक में लोड कोयले को कोनपारा जंगल में घरघोड़ा के गुड्डु उर्फ अशरफ खान पिता रजब खान उम्र 41 साल निवासी घरघोड़ा व उसके साथियों के साथ मिलकर कोयले का अवैध उत्खनन कर चोरी कर ट्रक से लाना और ओडिशा तरफ अवैध रूप से बिक्री करना बताये, जिस पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा 0/2020 धारा 379, 34 भादिव एवं 3-21 माइनिंग एक्ट के तहत अपराध गुड्डु उर्फ अशरफ खान व अन्य के विरुद्ध पंजीबद्ध कर आरोपी गुड्डु खान को हिरासत में लिया गया है। घटनास्थल कोनपारा जंगल थाना घरघोड़ा का होने से अग्रिम कार्यवाही हेतु आरोपी गुड्डु को घरघोड़ा पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाना घरघोड़ा में असल अपराध क्रमांक 15/2020 धारा 379, 34 भादिव एवं 3-21 माइनिंग एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

## 25 अभ्यर्थियों ने अब तक नही करवाया है निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा परीक्षण

**» 22 जनवरी निर्वाचन व्यय परीक्षण की अंतिम तारीख**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 अंतर्गत निर्वाचन में शामिल होने वाले समस्त अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा 22 जनवरी 2020 तक जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। कुल 554 में से 528 अभ्यर्थियों द्वारा लेखा जमा किया गया है। शेष 26 लोगों में से एक अभ्यर्थी सरिया नगर पंचायत के लोकनाथ पटेल की मृत्यु होने के पश्चात बचे 25 लोग द्वारा अब तक निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा जमा नहीं किया गया है। 25 अभ्यर्थी जिन्होंने अब तक निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा प्रस्तुत नहीं किया है इनमें नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्र.3 से कौशल्या उरांव, वार्ड क्र.5 से प्रदीप विजयचंद टोप्पो, वार्ड क्र.7 से आरिफ हुसैन, वार्ड क्र. 8 से ओमप्रकाश पैंकरा, वार्ड क्र. 14 से सुनीता शिवशंकर, वार्ड क्र.11 से मन्नु सारथी, वार्ड क्र.10 से अल्फाजुददीन खान, वार्ड क्र.23 से राजु मिश्रा, वार्ड क्र.30 से दुर्गा डाली देवांगन, वार्ड क्र. 36 से हरिटंडन एवं वार्ड क्र.46 से रमेश भगत शामिल है। इसी तरह नगर पंचायत घरघोड़ा के वार्ड क्र.5 से कौशल्या मेहर, वार्ड क्र.8 से चिरंजीव यादव, वार्ड क्र.12 से तारावती पैकरा एवं वार्ड क्र.12 से महेश पैंकरा, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के वार्ड क्र.1 से श्रीमती पूजा जौहरी एवं वार्ड क्र.8 से विक्की सिंह, नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्र.2 से तपन यादव, नगर पंचायत धरमजयगढ़ के वार्ड क्र.8 से संगीता बैठा, वार्ड क्र.12 से संतोषी गुप्ता एवं विवेक कुमार पांडे एवं वार्ड क्र.15 से प्रिशीला टोप्पो, नगर पंचायत बरमकेला के वार्ड क्र.5 से श्रीमती मीना विनोद देवांगन, वार्ड क्र.9 से सालिकराम नायक एवं वार्ड क्र.15 से श्रीमती मालती किशोर साहनी द्वारा अंतिम व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है। लेखा परीक्षण के लिए विभाग द्वारा 4 स्मरण पत्र जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को दूरभाष से भी बार-बार सूचित किया गया है। इसके पश्चात भी अंतिम लेखा दाखिल नहीं किए जाने की स्थिति में छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 14.ख या छ.ग.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ख के अधीन निरर्हित किए जाने का प्रावधान है। अंतिम व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले समस्त अभ्यर्थी अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्य रूप से संबंधित निर्वाचन व्यय संपरीक्षक के पास जमा कराना सुनिश्चित करें। लेखा जमा नहीं किए जाने की स्थिति में होने वाली किसी भी कार्यवाही की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।

## शहीद सिपाही कार्नेलुइस मिंज के शहादत दिवस पर उन्हें जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर अशोक कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**» शहीद स्व.मिंज की माता कांदी कुजूर को किया गया सम्मानित**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारतीय सेना के शहीद सिपाही कार्नेलुइस मिंज 18 जनवरी 1989 को आपरेशन पवन के दौरान देश की सेवा करते हुए श्रीलंका में शहीद हो गए थे। देश के लिए उनके त्याग, बलिदान एवं अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनके शहादत दिवस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर अशोक कुमार(सेवानिवृत)एवं कार्यालय के अन्य सदस्यों, भूतपूर्व सैनिक लाला प्रसाद एवं पौल एक्का ने ग्राम-पखनाकोट (लामदांड) जाकर उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनकी माता कांदी कुजूर को शाल, श्रीफल एवं 5000 रुपए का चेक भेंट कर सम्मानित किया गया।

## वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट की तैयारियां प्रारम्भ

**» मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कृषि एवं जलसंसाधन मंत्री से सम्बद्ध विभागों के बजट प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श**





**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट की तैयारियों के संबंध में चर्चा की शुरुआत की। कृषि और जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में चौबे से सम्बद्ध विभागों के नए बजट से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इनमें कृषि एवं बायोटेक्नोलॉजी, पशुपालन, मत्स्य पालन, संसदीय कार्य और जलसंसाधन विभाग शामिल हैं।

बैठक में मुख्य सचिव आर.पी.मंडल, अपर मुख्य सचिव वित्त अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, कृषि विभाग की प्रमुख सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती मनिंदर कौर द्विवेदी, सचिव राज्यपाल एवं संसदीय कार्य विभाग सोनमणि बोरा, जलसंसाधन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत तथा सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## युवा देश के भविष्य, उनके हाथों में देश की उन्नति की बागडोर- उइके

**» राज्यपाल नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में हुई शामिल**




**रायपुर।** युवा देश के भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है। किसी भी देश की प्रगति का जिम्मा वहां के युवाओं पर होता है। युवाओं की सोच नई होती है। उनमें इतना उत्साह होता है, जो किसी कार्य को परिणाम तक पहुंचा सकते हैं। यह बात राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कही। वे आज भोपाल में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी।उइके ने कहा कि जीवन में सफलता-असफलता लगी रहती है। यदि असफलता मिले तो किसी भी हाल में हताश व निराश न हों। सकारात्मक सोच के साथ निरंतर कार्य में लगे रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। पद कोई भी प्राप्त कर लेता है परन्तु उसी के अनुरूप भावनाओं और आत्मीयता से कार्य करना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे, उन्होंने देश के विकास के लिए अतुलनीय योगदान दिया। राज्यपाल ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से जो कार्य समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि अच्छे काम करने वालों को आगे आना चाहिए। ऐसे ही रास्तों पर चलकर युवा देश का नेतृत्व करेंगे और देश को आगे ले जाएंगे। उइके ने कहा कि आज समय की मांग है कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में युवा अपने कार्यों में श्रेष्ठता लाएं और संघर्ष कर, विजयी होना सीखें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480